
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 316 मुरादाबाद 16 March 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## हिजाब विवाद पर HC का फैसला मौलिक अधिकारों के खिलाफ, मुस्लिम लड़कियों को किया जाएगा टारगेट: ओवैसी




AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने हिजाब विवाद पर आए कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को संविधान के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय धर्म, संस्कृति, अभिव्यक्ति और कला की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इसका मुस्लिम महिलाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, उन्हें निशाना बनाया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि आधुनिकता धार्मिक प्रथाओं को छोड़ने के बारे में नहीं है। आखिर हिजाब पहनने से क्या दिक्कत है? ओवैसी ने ट्वीट करके कहा कि मैं हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले से असहमत हूं। फैसले से असहमत होना मेरा अधिकार है और मुझे उम्मीद है कि याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपील करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे यह भी उम्मीद है कि न केवल ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बल्कि अन्य धार्मिक समूहों के संगठन भी इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। ओवैसी ने कहा, ''संविधान की प्रस्तावना में कहा गया है कि व्यक्ति के पास विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और पूजा की स्वतंत्रता है। अगर यह मेरा विश्वास है कि मेरे सिर को ढंकना आवश्यक है तो मुझे इसे व्यक्त करने का अधिकार है, जो मुझे ठीक लगता है। एक धर्मनिष्ठ मुसलमान के लिए हिजाब भी एक इबादत है।'' एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, ''यह आवश्यक धार्मिक प्रैक्टिस टेस्ट की समीक्षा करने का समय है। एक भक्त के लिए सब कुछ आवश्यक है और एक नास्तिक के लिए कुछ भी आवश्यक नहीं है। एक भक्त हिंदू ब्राह्मण के लिए जनेऊ जरूरी है लेकिन गैर-ब्राह्मण के लिए यह नहीं हो सकता है। यह बेतुका है कि न्यायाधीश अनिवार्यता तय कर सकते हैं।'' AIMIM चीफ ने कहा कि एक ही धर्म के अन्य लोगों को भी अनिवार्यता तय करने का अधिकार नहीं है। यह व्यक्ति और ईश्वर के बीच है। राज्य को धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने की अनुमति केवल तभी दी जानी चाहिए जब इस तरह के पूजा कार्य दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं। हेडस्कार्फ किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता है। ओवैसी ने अगले ट्वीट में कहा, 卐हेडस्कार्फ पर प्रतिबंध निश्चित रूप से धर्मनिष्ठ मुस्लिम महिलाओं और उनके परिवारों को नुकसान पहुंचाता है, क्योंकि यह उन्हें शिक्षा प्राप्त करने से रोकता है। विवाद में इस्तेमाल किया जा रहा बहाना यह है कि यूनिफॉर्म एकरूपता सुनिश्चित करेगी। कैसे? क्या बच्चों को पता नहीं चलेगा कि अमीर/गरीब परिवार से कौन है? क्या जाति के नाम पृष्ठभूमि को नहीं दर्शाते हैं?''

## The Kashmir Files पर ऐतराज जताने वालों पर बरसे पीएम नरेंद्र मोदी, कहा- सालों से दबाया सत्य बाहर आने से परेशान




**The Kashmir Files:** पीएम नरेंद्र मोदी ने 'द कश्मीर फाइल्स' मूवी को लेकर सवाल उठाने वाले लोगों पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को भाजपा की संसदीय दल की मीटिंग को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सालों से दबाया गया सत्य बाहर आ गया है तो कुछ लोग घबरा गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 5-6 दिनों से हम देख रहे हैं कि वो लोग घबरा गए हैं और फिल्म की आलोचना कर रहे हैं। उस पर कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं, लेकिन उसके खिलाफ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी को फिल्म से आपत्ति है तो दूसरी बना लें। लेकिन उसे रोकना कैसी समझदारी हैभाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'जो लोग हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी के झंडे लेकर घूमते हैं, वे लोग पिछले 5 से 6 दिनों में पूरी तरह से घबरा गए हैं। इस फिल्म की तथ्यों के आधार पर विवेचना करने की बजाय उसे बदनाम करने में जुटे हैं। इस फिल्म के खिलाफ पूरा ईकोसिस्टम ही खड़ा हो गया है। मेरा विषय फिल्म नहीं है, लेकिन जो सत्य है, उसे सामने लाना देश के हित में है। यदि किसी को इस फिल्म से आपत्ति है तो दूसरी बना लो। उन्हें इस बात से आपत्ति है कि जिस सत्य को इतने सालों से दबाकर रखा है, उसे कैसे बाहर लाया जा रहा है। ऐसे समय में सत्य के लिए खड़े होने वाले लोगों के सामने जिम्मेदारी है कि वे इस ईको सिस्टम का मुकाबला करें।' बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इस फिल्म की तारीफ की है। यही नहीं फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और उनकी टीम से पिछले दिनों उन्होंने मुलाकात भी की थी। इसकी तस्वीर भी पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्विटर पर शेयर की थी। बता दें कि द कश्मीर फाइल्स में घाटी में 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का चित्रण किया गया है। इस नरसंहार के चलते लाखों कश्मीरी पंडितों को घाटी से पलायन करना पड़ा था। यूपी, गोवा, गुजरात, हरियाणा समेत देश के कई राज्यों में अब तक इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जा चुका है। हालांकि एक वर्ग इस फिल्म की आलोचना करते हुए इस एजेंडा मूवी भी बता रहा है।

## आखिरी सांस तक 'घर की कांग्रेस' के खिलाफ लड़ूंगा.. कपिल सिब्बल का गांधी फैमिली पर बड़ा अटैक



पांच राज्यों में मिली करारी हार के बाद अब गांधी फैमिली पार्टी नेताओं के बगावती तेवरों से परेशान है। गांधी फैमिली पर नया बम फोड़ते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह आखिरी सांस तक घर की कांग्रेस के खिलाफ रहेंगे। वे घर की कांग्रेस के बजाय सब की कांग्रेस चाहते हैं। सिब्बल ने राहुल गांधी को लेकर भी बयान दिया है। राहुल गांधी पहले से ही वास्तविक अध्यक्ष हैं, जो सभी निर्णय लेते हैं। पांच राज्यों में चुनाव के नतीजे घोषित होने के कुछ दिनों बाद कांग्रेस ने तेजी से खुद को रिकवरी मोड में डाल लिया है। पंजाब सहित सभी पांच राज्यों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बीते रविवार को कांग्रेस कार्य समिति ने पांच घंटे की मैराथन बैठक की और हार की समीक्षा की। इस बैठक में एक बात जिसने फिर सुर्खिया पकड़ी कि सोनिया गांधी समिति से गांधी फैमिली के इस्तीफे की बात कही थी। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने राहुल गांधी को लेकर अपनी बात रखी। सिब्बल ने कहा कि राहुल गांधी भले ही ऑफिशियली अध्यक्ष न हों लेकिन वहीं सारे निर्णय लेते हैं।

### आखिरी सांस तक सब की कांग्रेस के लिए लड़ूंगा

कपिल सिब्बल ने कहा कि वह ''घर की कांग्रेस'' के विपरीत ''सब की कांग्रेस'' चाहते हैं। मैं अपनी आखिरी सांस तक सब की कांग्रेस के लिए लड़ूंगा। इस सब की कांग्रेस% का अर्थ है भारत में उन सभी लोगों को एक साथ लाना जो भाजपा नहीं चाहते हैं। कुछ लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं कि ए, बी या सी के बिना कोई कांग्रेस नहीं हो सकती है। जाहिर है, उनका मानना है कि सब की कांग्रेस घर की कांग्रेस के बिना नहीं टिक सकती। यही चुनौती है।'' द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कपिल सिब्बल ने कहा कि यह गांधी परिवार के नेतृत्व के पदों से हटकर दूसरों को मौका देने का समय है। उन्होंने कहा, ''गांधी परिवार को स्वेच्छा से दूर जाना चाहिए क्योंकि उनके द्वारा नामित निकाय उन्हें कभी नहीं बताएगा कि उन्हें सत्ता की बागडोर नहीं संभालनी चाहिए।''

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# स्वार में जंगली कुत्तों का आतंक, प्रधान के भतीजे को नोंच-नोंच कर मार डाला

रामपुर के स्वार में सेमल के फूल बीनने गए ग्राम प्रधान के सात साल के भतीजे पर मंगलवार को जंगली कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। कुत्तों के हमले से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने लाठियां भांज कर बामुश्किल कुत्तों के झुंड को भगाया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बालक को आनन-फानन में सीएचसी पर लाया गया। जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा और जंगली कुत्तों का आतंक बना हुआ है। वह आए दिन लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर रहे है। इसके कारण सीएचसी पर एंटी रैबीज लगवाने वालों की भीड़ लगी रहती है। तहसील क्षेत्र के गांव जामिन गंज निवासी ग्राम प्रधान चंचल सिंह के भाई राकेश का सात वर्षीय बेटा सौरभ गांव के जंगल में अन्य बच्चों के साथ सेमल के फूल (सिमलओए) बीनने गया था। तभी अचानक जंगल से आए खूंखार जंगली कुत्तों ने बालक पर हमला बोल दिया। अन्य बच्चे डर के मारे भाग खड़े हुए। खूंखार जंगली कुत्तों ने सौरभ को घेर लिया और नोचने लगे। उसकी चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और लाठियां भांज कर जंगली कुत्तों को खदेड़ा, लेकिन तब तक सौरभ गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। ग्रामीणों ने सूचना परिजनों को दी। इस पर परिजन मौके पर पहुंच गए और गंभीर हालत में जख्मी हुए बालक को सीएचसी ले गए। जहां उपचार के दौरान सौरभ की मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### बच्चे की मौत से गांव में दहशत

स्वार। जंगली कुत्तों के हमले से हुई बालक की मौत के बाद से गांव जामिन गंज में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग अपने बच्चों को बाहर खेतों की ओर जाने से रोक रहे है, जबकि बच्चे भी सहमे-सहमे नजर आए। ग्राम प्रधान चंचल सिंह ने उच्चाधिकारियों से वन विभाग को निर्देशित कर अभियान चलाकर आवारा खूंखार कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की है।

# अज्ञात चोरों ने कोमल काटकर दुकान को बनाया निशाना

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अज्ञात चोर किसी के घर या दुकान को अपना निशाना बना लेते हैं और वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं और पुलिस चोरी की वारदात को रोकने श्में नाकाम नजर आ रही है जिससे चोर चोरी करने में सफल हो जाते हैं पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मिलक बूजपुर आशा गांव में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब पीड़ित फरमान की काशीपुर करनपुर मार्ग नहर किनारे कारपेंटर की दुकान में अज्ञात चोरों ने बीती रात को दुकान के पीछे से कोमल लगाकर जनरेटर के एंटीमीटर और जरूरी लाखों की कीमत की पेंटिंग करने वाली मशीन सामान चुराकर अज्ञात चोर ?200000 की कीमत का सामान चुरा कर फरार हो गए पीड़ित ने सुबह दुकान पर जाकर दुकान खोली तो देखा दुकान के पीछे की दीवार में कोमल लगा है और जनरेटर के एंटीमैटर और जरूरी सामान चुरा देख उसके होश उड़ गए पीड़ित की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर और पुलिस मौके पर पहुंची मौके पर पहुंची पुलिस चोरी हुई दुकान का मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जल्द घटना का खुलासा करने की बात कह रही है,पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात चोरों की तलाश में पुलिस जुटी गई है जो भी इसमें लिप्त पाया जाएगा कार्यवाही की बात कह रही है वही पीड़ित फरमान का कहना है कि कल देर शाम रोजाना की तरह दुकान बंद कर गया था सुबह आकर देखा तो पीछे दुकान में कोमल लगा था और दुकान में जरूरी सामान चुरा हुआ था जिससे वह उसके होश उड़ गए और 200000 का सामान चोरी हो जाने के चलते पीड़ित परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल है पीड़ित ने चोरी करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई कर गिरफ्तारी की मांग की है

# होली उत्सव में बरसीं हास्य की फुहारें

होली उत्सव में बरसीं हास्य की फुहारें



मुरादाबाद-ज्वेलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के होली उत्सव में हास्य और मनोरंजक कार्यक्रमों की धूम रही। मदर्स किचन रेस्टोरेंट में हुए आयोजन में हाउजी, होली गीत, कविता, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भरपूर मनोरंजन किया गया। इनमें संयोजक अरविंद किशोर सहित विकास रस्तोगी, रविदेव, विकास कुमार, अजीत कुमार ने मनमोहक प्रस्तुति कीं। अजय रस्तोगी एवं कंचन रस्तोगी को होली कपल घोषित किया गया। सुमन, नीरू, सुमन लता, रिया, मनीषा ने होली गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में फूलों की होली खेली गई। सभी ने होली हुड़दंग के साथ जमकर नृत्य किया। अध्यक्ष रविदेव एवं सचिव निर्मल रस्तोगी ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# आफिस में ही छलका जाम, वीडियो वायरल होने पर ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

बलिया में सीयर विकास खण्ड के एक ग्राम विकास अधिकारी को दफ्तर में ही कुछ साथियों के साथ शराब पीना महंगा पड़ गया है। जाम छलकाते ग्राम विकास अधिकारी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही खलबली मच गई। अधिकारियों ने ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर जांच शुरू कर दी है। जिला पंचायत राज अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को संज्ञान में आए सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में सीयर विकास खण्ड के ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार मंजुल ब्लॉक परिसर स्थित अपने कार्यालय में कुछ लोगों के साथ शराब पीते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में मंजुल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और जांच के आदेश दिए गए हैं। श्रीवास्तव ने बताया कि अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त कर 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है। सोशल मीडिया और एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें सीयर ब्लाक के ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार मंजूल के साथ दो तीन लोग ब्लाक परिसर स्थित कार्यालय में शराब के पैक के साथ नजर आ रहे है। पहचानने वाले लोगों की मानें तो उनके साथ चीयर्स करने वाले ग्राम प्रधान और पूर्व प्रधान हैं। इसी बीच जजौली नंबर 2 की महिला ग्राम प्रधान मालती सिंह ने ग्राम विकास अधिकारी पर धन उगाही व ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में लोगों व खुद के साथ अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है। डीएम को लिखे शिकायत पत्र में ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत अधिकारी पंचायत भवन का बगैर निर्माण कराए 5 लाख से अधिक का गलत तरीके से मई सन् 2021 में ही आहरण कर लिया है। यहां तक कि बार-बार पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराए जाने के लिए कहा गया तो बताया गया पंचायत भवन का निर्माण प्रधान द्वारा कराया जाए। इस पर प्रधान द्वारा पंचायत भवन का निर्माण नींव खुदवाकर बीम बनवाने तक कराया गया है। उक्त निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा ईट, सीमेंट, सरिया व बालू वाले दुकानदारों का बकाया भी भुगतान नहीं किया जा रहा है।



ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# गुरहट्टी कार्यालय पर कांग्रेस की बैठक बुलाई गई




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- प्रियंका गांधी जी के चुनाव प्रचार का बिधान सभा चुनाव में भले ही पर्याप्त लाभ न मिल पाया हो पर इसने लोकसभा चुनाव 2024 के लिये एक मजबूत आधार जरूर बना दिया है। उक्त निष्कर्ष आज कांग्रेस की जिला कमेटी की बैठक में निकल कर आया। मंगलवार को जिला कांग्रेस के गुरहट्टी कार्यालय पर कांग्रेस की बैठक बुलाई गई बिधान सभा चुनाव के बाद आयोजित इस पहली में प्रमुख पदाधिकारी ही पहुंचे। सभी ने इन चुनाव नतीज़ों से न घबराएं जाने की बात रखी। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि प्रियंका जी की रैलियों में मिला जनसमर्थन भाजपाईयो के दुष्प्रचार की भेंट चढ़ गया। खुर्शीद ने कहा कि इस बार भले ही वोट में न बदल पाया पर 2024 के लोकसभा चुनावों के लिये इससे पार्टी का मजबूत आधार जरूर तैयार हो गया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने निष्क्रिय पदाधिकारियों को बदले जाने की चेतावनी भी दी बैठक में अनूप दुबे,शकील चौधरी,गय्यूर अंसारी,अफ़ज़ल साबरी,राजेन्द्र वाल्मिकी, मोहतशीम मुख्तार, भयंकर सिंह,केशव शर्मा, अरुण विजय सिंह,गुलवेज सिद्दीक़ी, मोहम्मद नाजिम,संजीव सिंघल,नरेंद्र पाल सिंह एवं फिरोज अनवर सुधीर पाठक इरशाद हुसैन आदि ने भाग लिया।

# होली पर्व पर किसानों के गन्ने 1291 38 लाख रुपये का भुगतान किसानों में खुशी

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा होली के त्यौहार को रानीनांगल त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा किसानो द्वारा आपूर्ति किए गन्ने का भुगतान उनके खातों भेज दिया गया है चीनी मिल के उपाध्यक्ष वीं वेंकटरथनम् ने दी जानकारी गन्ना विभाग द्वारा चीनी मिलों पर की गई सख्ताई के चलते चीनी मिलों ने 1291.38 लाख रुपये का गन्ना भुगतान कर दिया है आज दिनांक 15 मार्च 2022 को खेतों में खड़े हो गए पेडी के गन्ने का सर्वे कराकर तुरंत पर्ची जारी कराने को प्रदर्शन किया जिसमें किसान दिग्विजय सिंह सुरेंद्र सिंह खुशीराम आदि किसानों का पेडी करना खेतों में खड़ा हुआ है किसान गन्ना आपूर्ति के लिए परेशान हैं इसके साथ साथ किसान नेता प्रीतम सिंह ने बताया कि गन्ना भुगतान के मामले में त्रिवेणी शुगर मिल रानी नांगल लगभग पूरे मंडल में सबसे आगे हैं आज दिनांक 15 मार्च को होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए महाप्रबंधक गन्ना टी एस यादव जी ने 4 मार्च 2022 तक का भुगतान20524.77 किसानों के खातों में भिजवा दिया है इससे किसानों में खुशी की लहर है क्योंकि कभी भी गन्ने का इतनी जल्दी भुगतान पहले कभी नहीं किया गया था तथा भुगतान के बारे में प्रीतम सिंह ने मिल प्रबंधन के लिए आभार व्यक्त किया और मांग की कि गन्ना केंद्रों का इंडेंट बढ़ाकर किसानों की पर्चियां अति शीघ्र जारी करवाई जाएं। पेडी गन्ने का सर्वे कराया जाए विरोध प्रदर्शन में हरकेश सिंह गोपाल सिंह चेतन गजेंद्र खुशीराम आदि

# क्षेत्र में बड रही गौकसी की घटना को लेकर आक्रोशित राष्ट्रीय गौरक्षक दल ने सौपा ज्ञापन

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- बिलारी तहसील क्षेत्र में और मुरादाबाद जिले में अधिक संख्या में हो रहीं गौकसी की घटनाओं को देखते हुए और अभी तक किसी भी गौकसी घटनाओं के आरोपियों का खुलासा होने सेआरोपी आजाद निर्भीक होकर और भी गौकसी की घटनाओं को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं और निसंकोच गोकशी का कारोबार करने वाले दुष्ट फल फूल रहे हैं सभी घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय गौरक्षक दल टीम मैं आक्रोश बना हुआ है गौ रक्षक दल के जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान ने एसपी ग्रामीण और एसपी सिटी से बात कर जल्द घटनाओं का खुलासा करने के लिए कहा हाल ही में बिलारी क्षेत्र में हुयीं गौकसी घटना को लेकर जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान अपनी टीम महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर गीता शर्मा सुखबीर सिंह तोमर उत्कर्ष चौहान गोपी सिंह कुन्तीस सिंह अजीत चौहान दिनेश कुमार आदि के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह से मिले और जल्द गौकसी घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की साथ ही जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द खुलासा न होने पर राष्ट्रीय गौरक्षक दल बड़ा आन्दोलन करने को मजबूर होगा जिसका जिम्मेदार खुद पुलिस प्रशासन होगा जिसपर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह जी ने सभी को समझाते हुए आश्वासन दिया जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है गौकसी या गौतस्करी सम्बन्धित जितने भी लोग सम्मिलित होंगे किसीको बक्सा नहीं जायेगा जो लोग ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं उनकी जगह बाहर नहीं जेल में है उनको जेल में ही भेजा जाएगा

# माधो सिंह बिष्ट धामपुर प्रभारी निरीक्षक बनाये गये

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- धामपुर चुनाव सैल से स्थानांतरित हो कर आये श्री माधो सिंह बिष्ट थाना प्रभारी धामपुर बनाये गये हैं थाना प्रभारी का पद संभालने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हैं श्री माधो सिंह बिष्ट ने कहा कि उनका सबसे पहला कार्य शान्ति व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करना है शान्ति व्यवस्था कायम रहे उसके लिए वो हर संभव प्रयास करेंगे और अगर कोई शान्ति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से वो किसी तरह से नहीं हिचकेंगे थाना प्रभारी धामपुर माधो सिंह बिष्ट का कहना है कि जिस जगह भी उनकी पोस्टिंग रही है वहां उन्होंने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और सख्ती से पालन किया है और अब अपने क्षेत्र धामपुर में भी कर्तव्यों के प्रति कोई ढिलाई नहीं बरतेंगे माधो सिंह बिष्ट ने कहा कि गरीबों के लिए उनके दरवाजे चौबीस घंटे खुले हैं और जब भी और जहां भी उन्हें उनकी जरूरत पड़े वो बेझिझक होकर उनसे सम्पर्क कर सकते हैं

# आवारा कुत्तों के काटने का आतंक मचा हड़कंप

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा नगर वे क्षेत्र गांव मैं आवारा कुत्तों के काटने का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है मंगलवार को भी कुत्तों ने हमला कर कई लोगों को हमला कर घायल कर दिया है कुत्ता काटने की वारदातें लंबे समय से नगर क्षेत्र गांव में लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है आवारा कुत्तों के आतंक से बच्चा बड़ा पुरुष महिला कोई नहीं बच पा रहा है नगर पालिका द्वारा कुत्ता पकड़ने का कार्य खानापूर्ति कर अब कोई कार्य नहीं हो पा रहा है सभी डिपार्ट कुत्ता काटने के नाम पर चुप कुत्ता काटने वालों मैं शामिल गगराम सरकड़ा परम् शुऐब दुल्हेपुर मोहित कुमार रामुवाला दीपांशु कल्याणपुर अतुल कमल, ठाकुरद्वारा किशोर राम कुमार को हमला कर घायल कर दिया सभी घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में लाकर उन्हें एंटीरैबीज इंजेक्शन लगवाकर उनका उपचार कराया गया । क्षेत्र में लगातार बढ़ते कुत्तों के आतंक से लोगों का सड़क से गुजर ना तक मुश्किल पढ़ रहा है

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।*
*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
Title Code : UPBIL05086
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# AAP headline in the state


There is no doubt that after the Punjab election results, "AAP" has started making its headline in Himachal too. Shimla became the first political circus show in Himachal in the presence of Delhi Government Health Minister Satyendar Jain. The announcement is natural and will also be seen on those faces and stamps, which will show the destination of AAP's caravan one by one.AAP's arrival in all the seats of Himachal, at least setting aside the traditional politics of Himachal Congress and BJP. By reducing the dialogue and equations, the third front is directly starting.ie political splits, mutual differences and factionalism within the parties can now make your salt halal by cooking its own different khichdi through new options. Jumping in this pond, but the waves of time know that if the sliding surface sinks, many leaders would like to break free from their past and set foot on AAP's new land. There is no doubt that the results of Punjab have increased political support for AAP and And now the foundation stone of this party's plans is being laid as a national alternative. Of course, there is no dearth of supporters in the national presence of the Congress, but the shortcomings of the top leadership of the party have started emptying the platforms. If the country is studying the Delhi model today, then it also has a long history which dates back to the MGR in 1982. When the list of mid-day meals and free chappals, dhoti and loincloth was being prepared in Tamil Nadu, who knew that one day such magic would rise on the head of Kejriwal and Modi's politics. Before the Delhi model, such a model makes NT Rama Rao the deity of Andhra Pradesh, then Jayalalithaa also finds a beneficiary in her favor. That is, with the mantra of giving one hand, taking the other hand, the close relationship of politics with power has started getting attached to such an extent that politics is now a Leela-avatar and where the competition for the arts of hypnosis will increase further. The UP elections proved that if the female voter's trend is in favor of Prime Minister Narendra Modi, then the ration and speech of this miracle is already decided. The southern states, while increasing industrial production along with the beneficiary voters, created an economic system that could afford freebies. Kejriwal, giving his explanation to an incomplete state under the Delhi model, conveyed his story to the Mohalla Clinic along with water-electricity. Today the government schools there are competing with the convent schools, so it will naturally raise questions from the government services of Himachal. Despite having eight high-end medical institutions, if the treatment of the Chief Minister of the state is possible in Delhi's AIIMS, then it will be asked what to call this development. Despite most of the schools in the state having luxurious campuses, why the growing faith of parents and students in private schools will not find any Kejriwal, who is giving nectar to education in Delhi schools. win the hearts of the government employees, then the Congress now has to learn the hunt for new issues. Overall, with the arrival of AAP, no puzzle can be solved now, rather a situation of confrontation will emerge where BJP and Congress will have to add something new to their respective politics.

## 'The Kashmir Files' director Vivek Agnihotri's photo of Jama Masjid went viral, people said - delete it brother



Vivek Agnihotri's film The Kashmir Files is making headlines across the country. Social media is divided into two parts regarding the content of the film. There has also been debate on this. Meanwhile, an old picture of him is going viral. In this, he is seen reciting dua in front of Jama Masjid and is also wearing a cap on his head. Vivek himself had tweeted this picture in 2012, which is still on his handle. People are trolling him by commenting on this. Some people have written that brother should delete the photo. Old picture of Vivek Viral- Vivek Agnihotri's film The Kashmir Files depicts the atrocities committed on Hindu Muslims in the Valley in 1990. Many people are praising the film that Vivek has brought forth such a painful truth, which people were unaware of for 32 years. At the same time, there is a section who is believing that his film is going to spread hatred for Muslims. People are also considering him as anti-Muslim. Meanwhile, an old post of his is going viral. In this, Vivek has the background of Jama Masjid in the background and he is seen reciting dua. Different types of reactions are being seen on this picture of Vivek. A user has commented, delete it brother. Some people have written that Vivek is just doing his own thing. At the same time, some have taken Vivek's side and have written that this picture does not prove the atrocities shown in the film to be false. Another user has written, 'Hindus have respected all religions, there is a direct evidence of this and there are many examples where in this whole of India where all communities live together socially and individually, but the question is when the matter It comes to those who kill innocents.. Many Bollywood celebs supported – Many Bollywood actors have posted social media in support of the film. Yami Gautam wrote that she is the wife of Kashmiri Pandit. No one can know more than him how many atrocities have happened to this peace loving community. It took 32 years for this truth to come out. At the same time, Kangana Ranaut has also praised this film. People are gathering in large numbers to watch the film at the box office as well. The Kashmir Files is about to touch the 50 crore mark at the box office.

## Salman Khan shared the teaser of Ajay Devgan's Runway 34 before Eid, this time Eid will give in a different style



Bollywood superstar Salman Khan is not going to bring any film on Eid this year, but he has decided to support a film of Ajay Devgan on this special occasion which is going to release on Eid itself. Salman Khan has shared the teaser video of Ajay Devgan and Amitabh Bachchan's film Runway 34 and has appealed to the fans to go and watch Ajay Devgan's film on this Eid. As soon as Salman Khan shared this video, it has become viral on social media. Idi will be available in a different style every time"Sharing the release date of the trailer of Runway34, Salman Khan shared the teaser video of the film and wrote, 'Because none of my films are ready yet, I have requested my brother Ajay Devgan if I can come on Eid, To give idi. Let's all celebrate this Eid and see #Runway34 #Runway34Teaser Out Now! #Runway34OnApril29"amitabh bachchan voice played magic"The teaser video also features the voice of Amitabh Bachchan who says, 'Gravity.. The Law of Gravity. The faster the thing goes up, the faster it comes down too. The voice of Amitabh Bachchan and the appearance of Ajay Devgan make you even more excited for the trailer of the film. Let us tell you that the trailer of the film will be released on March 21 and this film is going to be released in theaters on April 29.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पुलिस चौकी भदवास का किया गया उद्घाटन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


एटा-जनता एवं पुलिस के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा उदय शंकर सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा एवं क्षेत्राधिकारी सदर राघवेंद्र सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आज दिनांक 14.03.2022 को थाना पिलुआ क्षेत्र की नवनिर्मित भदवास चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा इस दौरान चौकी का निरीक्षण कर चौकी इंचार्ज को निर्देशित किया कि चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुनाया जाए। उन्होंने कहा चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी को त्वरित न्याय मिलना चाहिए,
जिससे कि फरियादी को लगे कि थाने पर प्रथम बार में ही उसकी समस्या का निस्तारण शुचिता पूर्ण ढंग से किया गया है।
जनता एवं पुलिस के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने हेतु भी बेहतर प्रयास किए जाएं।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना पिलुआ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, माडलशाप एवं भांग की दुकानें 17, 18 मार्च को बन्द रहेंगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि जनपद में 18 मार्च 2022 को होली पर्व पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था की स्थित पर नियंत्रण रखने हेतु, जनपद के समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, माडलशाप एवं भांग के थोक एवं फुटकर अनुज्ञापनों तथा अन्य सभी प्रकार के आबकारी अनुज्ञापन 17 मार्च 2022 की रात्रि 10 बजे से 18 मार्च 2022 के अपरान्ह 05 बजे तक पूर्ण रूपेण बन्द रहेंगें। इस बंदी का कोई प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। आगामी त्योहारों, बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में दो माह तक धारा-144 लागू अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन आलोक कुमार ने सूचित किया कि आगामी समय में विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन व होली, शबे बारात, उर्स जलेसर, रामनवमी, अम्बेडकर जयन्ती, गुडफ्राइडे, ईद-उल-फितर, बुद्ध पूर्णिमा का त्यौहार भी है, एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षायें होनी है, जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत आगामी दो माह तक के लिए तत्काल प्रभाव से धारा 144 लागू कर दी गई है। धारा-144 का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# 800 पेटी कीमत करीब 2400000 रूपये की गैर प्रांतीय शराब को किया गया नष्ट



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना नयागांव पुलिस द्वारा वर्ष 2019 में पकड़ी गई 800 पेटी कीमत करीब 2400000 रूपये की गैर प्रांतीय शराब को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार किया गया नष्ट। घटनाक्रमानुसार दिनांक 19.06.2019 को थाना नया गांव पुलिस द्वारा गैर प्रांत की शराब की 800 पेटियां बरामद की गई थी जिसमें एक अभियुक्त सतनाम पुत्र सरदार सुखदेव निवासी जीव नगर रानिया सिरसा हरियाणा को गिरफ्तार कर थाना नयागांव एटा पर मुअसं- 62/19 धारा 60/63/72 एक्साइज एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में उक्त अभियोग माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।आज दिनांक 14.03.2022 को उक्त अभियोग से संबंधित 800 पेटी गैरप्रांतीय देसी शराब को माननीय न्यायालय अपर सिविल जज जूनियर डिविजन जेएम कक्ष संख्या 26 के आदेश के अनुपालन में श्री राकेश कुमार तहसीलदार अलीगंज एवं श्री राजकुमार सिंह क्षेत्राधिकारी अलीगंज की देखरेख में जेसीबी से नष्ट कराई गई। शराब की पेटियों की कीमत करीब ?2400000 है।

# 20 साल के युवक का संदिग्ध परिस्थिति पड़ा मिला शव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी परिवार में मचा कोहराम. सुबह घर से खेत में पानी लगाने निकला था मृतक युवक. गांव के ही लोगों से 1 दिन पूर्व हुआ था बाद विवाद, मृतक के परिजन गांव के प्रधान और उसके परिजनों पर लगा रहे हत्या का आरोप, 20 वर्षीय युवक प्रदीप की गोली मारकर हत्या करने की मिल रही है जानकारी, शव मिलने पर गांव और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर मौजूद, पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे मौके पर फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड की मदद से घटना की बारीकी से कर रहे जाँच, एटा कोतवाली जलेसर क्षेत्र के नगला चांद की घटना.

# विधान परिषद चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज, टिकट को लेकर मारामारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तरप्रदेश में विधानसभा चुनाव की बंपर जीत की खुशी में सराबोर भाजपा विधान परिषद चुनाव स्थानीय निकाय घोषित होने के बाद तैयारियों में जुट गई है, भाजपा में टिकटों को लेकर मारामारी तेज हो गई है। 9 अप्रैल को मतदान और 12 अप्रैल को मतगणना होनी है,वही इन चुनाव के घोषित होने से सभी दलों में सरगर्मियां तेज हो गई हैं, भाजपा में सरगर्मियां कुछ ज्यादा ही तेज नजर आ रही हैं। विधानसभा चुनाव में हारने वाले प्रत्याशी विधान परिषद में भाग्य आजमाना चाह रहे थे लेकिन हाईकमान ने आज हारे हुए प्रत्याशियों के लिए बैरियर लगाकर उन अटकलों पर विराम लगा दिया। भाजपा ने साफ किया कि हारने वाले प्रत्याशियों को कोई मौका नहीं दिया जाएगा। इसी के साथ प्रदेश की 36 परिषद सीटों के लिए टिकटों के लिए मारामारी और तेज हो गई है। एटा, मैनपुरी, मथुरा के लिए 2 सीटों पर चुनाव होना है। इन दोनों सीटों पर समाज के दावेदारों की भाजपा में लंबी कतारें नजर आ रही हैं। भाजपा में पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव, पूर्व एमएलसी प्रत्येंद्र पाल सिंह उर्फ पप्पू भैया, गजेंद्र सिंह चौहान उर्फ बबलू सहित तमाम दावेदार टिकट की कतार में हैं। टिकट पाने के लिए तमाम नेता अपने आकाओं की परिक्रमा कर रहे हैं। बताते हैं भाजपा में टिकट 18 मार्च तक तय होने हैं यानी होली तक। समाजवादी पार्टी में भी एमएलसी चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी अपने शबाब पर है। तमाम हारे हुए प्रत्याशी एटा और कासगंज में टिकट के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। विधान परिषद के पूर्व सभापति रमेश बाबू यादव, पूर्व विधायक पुत्र आशीष उर्फ आशू यादव टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं,देखना है टिकट के दावेदारों में से किसकी होली रंगीन होती है और किसकी बेरंग।


# साइकिल सवार में कार ने मारी टक्कर हालत गंभीर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला समल के समीप साइकिल सवार को वैगनआर कार ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें प्रेम किशोर पुत्र विजय सिंह निवासी कल्याणपुर गंभीर रूप से घायल हो गए
जिनको राहगीरों की मदद से108 एंबुलेंस द्वारा एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया

# न्यायालय के आदेशों के अनुपालन के लिए किया जागरूक व विभिन्न स्टेक होल्डर के मध्य समन्वय हेतु दिया प्रशिक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन व अन्य विशेषज्ञों द्वारा पोक्सो एक्ट के संबंध में जनपद के अधिकारियों को माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के बावत जागरूक करने, उनसे भली-भांति अनुपालन कराने व विभिन्न स्टेक होल्डर के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु टी०ओ०टी०( प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण ) प्रदान किया गया,
प्रशिक्षण में श्रीमती स्नेह लता अपर पुलिस अधीक्षक अपराध, श्री कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्र अधिकारी नगर व श्री सुनील कुमार त्यागी क्षेत्र अधिकारी कार्यालय तथा श्री कृष्ण यादव, श्री संतोष कुमार, श्री प्रदीप भारद्वाज विशेष लोक अभियोजक पोक्सो एक्ट जनपद एटा द्वारा प्रतिभाग किया गया

# तहसीलदार कोर्ट ने नोटिस जारी कर भगवान 'शिव' को किया तलब, सुनवाई में नहीं आने पर 10 हजार देना पड़ेगा जुर्माना



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तहसीलदार कोर्ट ने भगवान शंकर सहित 10 लोगों को नोटिस जारी कर तलब किया है। तहसीलदार ने नोटिस में भगवान सहित सभी को चेतावनी भी दी है। सुनवाई में नहीं आने पर 10 हजार का जुर्माना और कब्जे से बेदखल भी किया जा सकता है। भोलेनाथ पर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने का आरोप है। छत्तीसगढ़ में भगवान शंकर को नोटिस देने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले नवंबर-2021 में जांजगीर-चांपा जिले के सिंचाई विभाग ने भोलेनाथ को नोटिस जारी कर जगह खाली करने कहा गया था। जानकारी के अनुसार रायगढ़ शहर के वार्ड क्रमांक-25 कौहकुंडा में एक शिव मंदिर है। सुधा राजवाड़े ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिसमें शिव मंदिर समेत 16 लोगों पर सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप है। हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। न्यायालय ने राज्य शासन व तहसीलदार कार्यालय को इसकी जांच करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश की तामिली करते हुए तहसीलदार कार्यालय ने 10 लोगों को नोटिस दिया है। कब्जाधारियों को जारी नोटिस में छठवें नंबर पर शिव मंदिर का नाम है। नोटिस में मंदिर के ट्रस्टी, प्रबंधक या पुजारी को संबोधित नहीं किया गया है, बल्कि सीधे शिव मंदिर यानी भगवान शंकर को ही नोटिस जारी किया गया है।

## नोटिस में 10 हजार रुपये अर्थदंड की बात

भगवान शंकर को भेजे नोटिस में तहसीलदार कोर्ट ने चेतावनी जारी की है कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा के तहत आपका यह कृत्य अपराध की श्रेणी में आता है। आपको 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करने व कब्जा भूमि से बेदखल किया जा सकता है। भगवान शंकर सहित सभी को नोटिस में कहा गया है कि इस प्रकरण की सुनवाई 23 मार्च को नीयत की गई है। इस दौरान भूमि में किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं है। जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार बेदखली व दंड की कार्रवाई की जाएगी। अब पेशी में भगवान शंकर आते हैं कि नहीं यह समय ही बताएगा।

## भगवान शंकर को भी 10 दिनों की मोहलत

नोटिस जारी करने वाले नायब तहसीलदार विक्रांत सिंह ठाकुर का कहना है कि हाई कोर्ट के दिशा-निर्देश के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। चूंकि मामला सरकारी जमीन पर बेजा कब्जे का है। हाई कोर्ट में दायर याचिका में 16 लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा करना बताया गया था, लेकिन स्थल जांच करने पर 10 नाम सामने आए हैं। इसमें एक शिव मंदिर भी है, जो कब्जे की जमीन पर निर्मित है। सभी को नोटिस जारी करके दस दिनों का समय दिया गया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'द कश्मीर फाइल्स' को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत, ?BJP नेताओं का CM भूपेश पर हमला, कहा- कांग्रेस सच से डरती है




छत्तीसगढ़ में द कश्मीर फाइल्स फिल्म को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय सहित भाजपा नेताओं ने द कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री करने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया में सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधा है। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया गया है और पुलिस कर्मियों को फिल्म देखने छुट्टी देने की घोषणा भी की गई है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि आज अगर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार होती तो आपको कश्मीरी पंडितों के साथ हुए अन्याय को देखने, समझने से रोका न जाता। द कश्मीर फाइल्स अब तक टैक्स फ्री हो गई होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सच से डरती है। एक फ़िल्म से डरी हुई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा कि कश्मीरी हिंदूओं के साथ हुए दमन की दांस्ता बयां करती फिल्म द कश्मीर फाइल्स को अन्य राज्यों की तरह टैक्स फ्री करने से भूपेश बघेल जी को कौन-सी ताकतें रोक रही हैं? अगर कोई जिहाद का महिमामंडन करती फिल्म होती तो शायद भूपेश जी रुचि लेते। भाजपा नेता फिल्म को देखने से रोकने के लिए सरकार द्वारा षड्यंत्र करने का आरोप लगा रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के लोग यथार्थ को जान सके

छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं बल्कि जनहित में देखना चाहिए। इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग करते हैं। छत्तीसगढ़ के नागरिक यथार्थ को जान सके। कल विधानसभा के अंदर यह बात आई थी। उन्होंने कहा कि फिल्म को कम से कम लोग देखे इसलिए सरकार षड़यंत्र कर रही है। द कश्मीर फाइल्स% फिल्म को टैक्स फ्री किया जाना चाहिए। यह फिल्म देखने के लिए लोगों में रुचि भी है। जनहित में देखते हुए राज्य सरकार को टैक्स फ्री करना चाहिए, जिससे की सिनेमा के माध्यम से सत्य का पता चल सके।

## कार्यकर्ताओं के साथ फिल्म देखने जाएंगे

भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कश्मीर का विभाजन कांग्रेस के कारण हुआ है। %द कश्मीर फाइल्स% को छत्तीसगढ़ में नहीं दिखाने थियेटर मालिकों को डाराया जा रहा है। कश्मीरी पंडितों के साथ हुई घटना, धारा 370 को दिखाया गया है। छद्म के देश विरोधी वातावरण बनाने को दिखाया गया है। बृजमोहन ने कहा कि सभी लोग देश के सच को जानें। कश्मीरी पंडितों का दर्द सब लोग देखें। हम कार्यकर्ताओं संग फिल्म देखने जाएंगे। उन्होंने देश के अन्य राज्यों में टैक्स माफ किया गया है तो छत्तीसगढ़ में फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग प्रदेश सरकार से की है।

## फिल्म को लेकर प्रदेश में सियासत तेज

बता दें कि, राज्य में फिल्म को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा-कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को आड़े हाथों ले रहे हैं। एक दिन पहले भाजपा नेता रायपुर के पीवीआर कर्मचारियों से अचानक भिड़ गये थे। भाजपाइयों का आरोप था कि मल्टीप्लेक्स के बाहर हाउसफुल का बोर्ड लगा हुआ है, लेकिन थियेटर के अंदर ज्यादातर सीटें खाली थीं। बाहर खड़े कई लोगों को टिकट नहीं दिया जा रहा है। भाजपा नेता अमरजीत छाबड़ा के साथ मल्टीप्लेक्स कर्मचारियों के बहस की कुछ तस्वीरें भी सामने आई थी। वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में 'द कश्मीर फाइल्स' पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं है। न ही सरकार की तरफ से इसे दिखाने पर कोई रोक लगाई गई है।

# UP के काशी से इंडोनेशिया के बाली तक पहुंचेगा छत्तीसगढ़ का हर्बल गुलाल और अष्टगंध, मंदिरों के फूल से हो रहा तैयार



छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्व सहायता समूह द्वारा तैयार प्रोडक्ट इंडोनेशिया से इटली और देश में पुरी से काशी तक बिकेगा। महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल और अष्टगंध का उत्पादन किया जा रहा है। कुमकुम स्व-सहायता समूह की 60 दीदियां इस काम को अजाम दे रहीं हैं। यह काम सांकरा डोम में हो रहा है। गणेश ग्लोबल गुलाल कंपनी ने मशीन लगाई है। कंपनी अष्टगंध का सामान उपलब्ध कराने के साथ मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन का कार्य भी कर रही है। दुर्ग कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि सांकरा स्व-सहायता समूह में हम ऐसी गतिविधियों को जगह दे रहे हैं, जहां बड़े पैमाने पर स्थायी रोजगार की संभावना बने। जिस फर्म को यहां काम सौंपा गया है, वह ग्लोबल फर्म है और दुनियाभर के देशों में अपने प्रोडक्ट को निर्यात करती है। हर्बल गुलाल बनाने मशीन भी कंपनी ने लगाई है। उन्होंने बताया कि हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी है। हमारे समूह की महिलाएं इस दिशा में आगे बढ़ीं हैं और तेजी से काम कर रहीं हैं। बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन का कार्य सांकरा में शुरू हो गया है। हर्बल गुलाल का उपयोग लोग इस होली में करेंगे।

## मंदिरों के फूलों से गुलाल को प्रोडक्शन

जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि अष्टगंध का उपयोग दक्षिण भारत, ओडिशा और काशी में काफी होता है। धार्मिक स्थलों में बड़ी मात्रा में इसका उपयोग होता है। फर्म को हमने जगह प्रदान की और फर्म ने हमारे लोगों को रोजगार दिया और प्राफिट में भी हिस्सा देगी। महिलाओं को हर दिन 200 रुपये पारिश्रमिक भी मिल रही है। मंदिरों के फूलों से गुलाल का प्रोडक्शन हो रहा है। चार जगहों मोहलई, कोनारी, सेलूद और नंदौरी में फूलों को सूखाया जा रहा है और सांकरा में इसकी प्रोसेसिंग की जा रही है।

## दुर्ग में तैयार प्रोडक्ट दुनियाभर में बिकेगी

समूह की दीदी दिलेश्वरी ने बताया कि हम सबके लिए यह काम बहुत अच्छा है। हमें खुशी है कि हमारे द्वारा तैयार प्रोडक्ट दुनियाभर में बिकेगी। अष्टगंध की लोकप्रियता दुनियाभर में है। दक्षिण में लोग त्रिपुंड लगाते हैं। दक्षिण पूर्वी एशिया में बाली जैसे द्वीपों तक हमारा प्रोडक्ट बिकता है, क्योंकि यहां के मूल निवासी भी हिंदू हैं और बड़े पैमाने पर भारतीय समुदाय के लोग इन देशों में बसे हैं। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि अष्टगंध का उपयोग विदेशों के मंदिरों में भी होता है। अभी कौही, ठकुराइनटोला मंदिरों में बड़े पैमाने पर फूल चढ़ाये जाते हैं। इन सभी का उपयोग हर्बल गुलाल बनाने में हो रहा है।

# समूह ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया हर्बल गुलाल स्टॉल




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने हर्बल गुलाल को प्रोत्साहित करने स्वयं खरीदारी कर लोगों को प्रेरित किया। उन्होने महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित गुलाल की तारीफ की और सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल लगाकर बिक्री करने का सुझाव दिया। कलेक्टर के साथ ही जिला पंचायत के परियोजना निदेशक श्री आरके खूंटे सहित कई अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी हर्बल गुलाल खरीदें। समूह की महिलाओं ने दो घंटे के भीतर ही 3200 रूपए का गुलाल विक्रय कर काफी उत्साहित रहीं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जिले के पेंड्रा विकासखंड के ग्राम सकोला की ज्योति स्व सहायता समूह और ग्राम बारीउमराव की स्नेहा स्व सहायता समूह द्वारा होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नीला, पीला, हरा, काला, लाल, गुलाबी, सहित विभिन्न रंगों के हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। समूह की महिलाओं ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में हर्बल गुलाल विक्रय के लिए स्टॉल लगाया। महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पेण्ड्रा श्रीमती इंदिरा मिश्रा ने भी महिलाओं के साथ गुलाल बेचकर उनका मनोबल बढ़ाया।समूह की सदस्य श्रीमती कुसुम, सुशीला और हीराबती ने बताया कि जैविक गुलाल का निर्माण फूलों-पत्तियों के रस को मिलाकर बनाया गया है, इसके साथ हि इसमें गुड़हल, चुकंदर, पालक, खाने का कलर एवं पत्तियों के रस को मिलाकर गुलाल तैयार किया गया है। इससे केमिकल युक्त गुलाल के नुकसान से लोगों को बचाया जा सके। महिला समूहों द्वारा हर्बल गुलाल के साथ ही उनके द्वारा बनाए गए नमकीन, चिप्स, नड्डा, पापड़ का भी विक्रय किया गया।

# लोकसभा चुनाव तक 15 करोड़ लोगों को दिया जा सकता है फ्री राशन? शासन को भेजा गया प्रस्ताव



यूपी सरकार की मुफ्त राशन योजना के लिए खाद्य व रसद विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी चुनावी रैलियों में निशुल्क राशन को बढ़ाने का ऐलान किया था। यूपी सरकार इस योजना को लोकसभा चुनाव यानी 2024 तक बढ़ा सकती है। प्रदेश में लगभग 15 करोड़ लाभार्थी हैं। हालांकि भेजे गए प्रस्ताव में अवधि का कोई जिक्र नहीं है, इसे सरकार की मंशा पर छोड़ दिया गया है। प्रस्ताव में महंगाई के बढ़ने के कारण निशुल्क राशन देने का जिक्र है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार में इस बात पर मंथन चल रहा है कि इस योजना को लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया जाए। वहीं योजना को एक साथ न बढ़ाकर दो से तीन चरणों में बढ़ाया जाए। फिलहाल माना जा रहा है कि छह-छह महीने के लिए योजना का ऐलान किया जाएगा। इसमें सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दिए जाने वाले राशन यानी गेहूं व चावल के अलावा एक लीटर तेल, एक किलो चना नमक भी देगी। अभी तक राज्य सरकार ने दिसम्बर से मार्च तक निशुल्क राशन दिया है। इसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो अनाज और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलो यानी तीन किलो गेहूं व दो किलो चावल दिया जाता है। इसके लिए कार्डधारकों से दो रुपये किलो गेहूं और तीन रुपये किलो चावल के लिए लिया जाता है लेकिन अब राज्य सरकार इसका खर्चा खुद वहन करेगी।


# आगामी विधान परिषद चुनाव (एमएलसी) के लिए नामांकन मंगलवार से शुरू

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -आगामी विधान परिषद चुनाव (एमएलसी) के लिए नामांकन मंगलवार से शुरू हो गये7 जिसके चलते मंगलवार को कुल चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिया7 जबकि नामांकन पत्र किसी नें भी दाखिल नही किया7 इटावा-फर्रुखाबाद स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से (एमएलसी) पद पर काबिज होनें के लिये बीजेपी पूरी ताकत के साथ लगी है7 सपा नें भी चुनाव में हाथ आजमानें की तैयारी शुरू की है7 मंगलवार को भाजपा से सरस्वती वर्मा पत्नी राजीव वर्मा निवासी बजरिया रामलाल कायमगंज, कांग्रेस से पवन कुमार त्रिपाठी पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी विरहीमपुर जाफराबाद छिबरामऊ के साथ ही दो निर्दलीय श्याम वीर सिंह पुत्र शौकीन निवासी नगला किशोरी सैफई, राज कुमार शाक्य पुत्र सनेही निवासी शंकरपुर बसरेहार इटावा ने नामांकन पत्र खरीदा7 उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष चन्द प्रजापति ने बताया कि कुल चार नामांकन पत्र लिए गये है7 लेकिन किसी ने अपना नामांकन दाखिल नही किया है

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# बस्ती: काउंटिंग से पहले गाड़ियों की तलाशी लेना सपा कार्यकर्ताओं को पड़ा भारी, पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की




यूपी विधानसभा चुनाव की मतगणना से एक दिन पहले बस्ती जिले में सपा कार्यकर्ताओं को ईवीएम की तलाश में गाड़ियां चेक करना महंगा पड़ गया है। स्थानीय पुलिस ने इन सभी सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ 7 मुकदमा दर्ज किए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने अब सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू कर दी है। बता दें कि सपा नेताओं को ईवीएम मशीन बदले जाने का शक था जिसके चलते 9 मार्च को बस्ती में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मंडी समिति पर जमे हुए। वे बिना गाड़ी चेक किए मतगणना स्थल तक किसी को जाने नहीं दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने चुनाव प्रेक्षक, एसडीएम समेत कई गाड़ियों को बिना चेक किए मंडी में प्रवेश नहीं दे रहे थे। बस्ती के एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 9 तारीख को मतगणना स्थल पर जो भी सरकारी गाड़ियां जा रही थी उसमें रिटर्निंग ऑफिसर थे उन गाड़ियों को अनैतिक रूप से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा चेक किया जा रहा था। इसे लेकर 7 शिकायत दर्ज की गई है।

## सपा कार्यकर्ताओं के घर में रात में छापेमारी

बस्ती सदर से सपा विधायक महेंद्र यादव ने कहा कि पुलिस सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं के घर पर रात में छापे मार रही है। महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन्स के अनुसार कोई भी गाड़ी स्ट्रॉग रूम के 100 मीटर की परिधि के अंदर नहीं जा सकती है। इसलिए सपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम तक जाने वाली गाड़ियों को चेक करने का अनुरोध किया था, ताकि मतगणना में पारदर्शिता रहे।

# स्याना हिंसा: गोकशी को लेकर हुआ था बवाल, पुलिस चौकी समेत फूंके थे गई वाहन, 36 आरोपियों पर चलेगा राष्ट्रद्रोह का मुकदमा

स्याना हिंसा के मामले में जिला पंचायत सदस्य एवं बजरंग दल नेता योगेश राज समेत 36 आरोपियों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा भी चलेगा। अभियोजन पक्ष की याचिका पर अपर सत्र न्यायाधीश विनीता सिंघल ने राष्ट्रद्रोह के आरोप में अभियोग चलाने का आदेश दिया है। इनमें से पांच आरोपियों पर इंस्पेक्टर सुबोध कुमार की हत्या का भी मामला विचाराधीन है।

## यह था मामला

3 दिसंबर 2018 को स्याना क्षेत्र के गांव महाव के जंगल में गोकशी की घटना के बाद लोगों का आक्रोश फूट गया था। गुस्साए लोगों ने जाम लगाकर जमकर हंगामा किया। पुलिस से भिड़ंत के दौरान स्याना कोतवाल सुबोध कुमार सिंह और गांव चिंगरावठी का युवक सुमित की गोली लगने से मौत हो गई। स्याना कोतवाली में 27 नामजद और 50-60 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या, हिंसा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## 44 के खिलाफ दाखिल की गई चार्जशीट

स्याना हिंसा के मामले में एसआईटी जांच के बाद पुलिस द्वारा केस में दर्ज एफआईआर में 27 नामजदों और 60 अज्ञात आरोपियों में से कई हिंदूवादी नेताओं समेत 44 आरोपियों को जेल भेजा गया। गोकशी के मामले में 11 आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा 44 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई, जिनमें प्रशांत नट समेत पांच आरोपियों पर स्याना कोतवाल की हत्या करने की धारा लगाई गई हैं। वहीं गोकशी के सभी 11 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। जेल से जमानत पर रिहा हुए तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है। दो आरोपियों का मामला पॉक्सो न्यायालय एवं किशोर न्यायालय में विचाराधीन है।

# थाना मल्हीपुर के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना मल्हीपुर के प्रांगण में आगामी त्यौहार होली वह शुबेरात को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता उप जिला अधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ने किया इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार चौबे प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह थाना के समस्त उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी मुख्य आरक्षी आरक्षी व क्षेत्र के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी जमुनहा ने लोगों से शांत रूप से आगामी त्यौहार मनाने की अपील किया और उप पुलिस अधीक्षक प्रभारी निरीक्षक व आरक्षी व उपनिरीक्षक को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में शांत अमन कायम रखें और अशांति फैलाने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाही करें और जिस जगह पर होली का त्यौहार य होलिका दहन को लेकर विवाद हो वहां पर सुलह समझौता से निपटाए य कार्यवाही करें और शांति पूर्वक भाईचारे के रूप में आगामी त्योहार मनाने के लिए अपील किया

# आग लगने से घर समान जल कर हुआ खाक

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





बांदा- जनपद के बबेरू तहसील के अंतर्गत मुरवल के रामपुरवा का है। जहा अज्ञात कारण से आग लगने से समान जल कर हुआ खाक घर के मालिक जिया लाल निषाद अपने बच्चे की दवा कराने के लिए अपनी औरत के साथ गाजीपुर गया था तभी आग लग गई मुहल्ला के लोगो जब आग देखी तो सब लोगो ने आग बुझाई और जिया लाल को बताया कि तुम्हारे घर मे आग लग गई है। जिया लाल अपनी औरत के साथ घर आ गया और देखा की घर मे आग लग गई है वो हैरान हो नजदीकी पुलिस चौकी की सूचना दी। आज लगाने से घर मे 5 कुंतल गेहूँ और 20 हजार रुपए नगदी के साथ साथ पूरा सामान जल कर खाक हो गया। जिया लाल के तीन लड़के है जो बहुत छोटे है घर पर कुछ नही बचा पडोसी राजेश ने बताया की आग इतनी तेजी से बढ़ रही थी जल्द बाजी में कुछ समझ पाते बहुत बढ़ गई जिसे हम लोगो ने डिब्बे डिब्बे से पानी डाल कर बुझाया हम लोगो को आग बुझाने मे बहुत समय लगा जिससे सारा सामान जल कर खाक हो गया है।

# हरदुआगंज तापीय परियोजना की बंद यूनिटें फिर से शुरू

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - प्रदेश में बिजली की मांग कम होने पर करीब डेढ़ माह पूर्व हरदुआगंज की दो यूनिटें आठ और नौ नंबर बंद कर दी गई थी, जिनको अब बिजली की मांग बढ़ने के बाद पुनः चालू कर दिया गया है। ये दोनों यूनिटें क्रमशः 250 - 250 मेगावाट का विद्युत उत्पादन करने की क्षमता रखती है। वहीं सात नंबर यूनिट 120 मेगावाट विद्युत उत्पादन की क्षमता रखती है लेकिन तकनीकी कमी के चलते लंबे समय से बंद है। कुल 620 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली तापीय परियोजना से इस समय 278 मेगावाट विद्युत उत्पादन हो रहा है।

# जिंदगी पर भारी पड़ रहे निराश्रित गोवंश, नहीं कोई इंतजाम

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - बेसहारा गोवंश हाईवे से लेकर शहरों और गांवों की गलियों में घूम रहे हैं। यहां तक किसानों की फसलें खाकर उन्हें बर्बाद कर रहे हैं। इतना ही नहीं यह बेसहारा गोवंश लोगों के लिए जीवन भर का दर्द रहा है। सड़कों के अलावा खेतों में घूमते ये गोवंश लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहे हैं। इनकी वजह से कई ऐसे हादसे हो गए हैं जिनसे लोगों ने अपनों को खोया है। इन गोवंशों को गोशालाओं में भी ठिकाना नहीं है। गोशालाओं में चारा और पानी समय पर न मिलना, बीमार होने पर इलाज और महंगा भूसा भी मुख्य कारण है।

# निर्माणाधीन मार्ग पर पलटा ट्रक, बाल-बाल बचे लोग



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- लक्ष्मनपुर- निर्माणाधीन टू लेन पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। सामने से आ रही कार को साइड देने के दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रक नीचे खाई में उतर गया। हालांकि इस दौरान जानमाल का कोई नुकसान नही हुआ। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा भिनगा-लक्ष्मनपुर मार्ग का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। आवागमन में सुगमता के लिए मार्ग को टू-लेन किया जा रहा है। धान लेकर एक ट्रक लक्ष्मनपुर से भिनगा को आ रहा था। ट्रक भयापुरवा के पास पहुंचा था तभी सामने से आ रही कार को साइड देते समय चालक नियंत्रण खो बैठा और वह नीचे खाई में उतरकर पलट गया। जिससे ट्रक में मौजूद धान की बोरियां जमीन पर बिखर गईं। हादसे में जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नही है।


# अवैध संबंधों के चलते सिपाही ने की पत्नी की हत्या

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - क्वार्सी थाना क्षेत्र के किशनपुर में लखनऊ में तैनात सिपाही ने अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी। टप्पल ब्लॉक के गांव मालव का रहने वाला गजेंद्र सिपाही लखनऊ में 32 वाहिनी पीएसी में तैनात है। तीन दिन पहले ही वह पत्नी कंचन व बच्चों के साथ अलीगढ़ आया था। आरोप है कि सिपाही का पत्नी से अवैध संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके चलते सिपाही ने पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# फर्जी बन रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की जांच शुरू





शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - सरकारी पोर्टल में सेंधमारी कर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। पिछले दिनों मृत्यु प्रमाण का ताजा मामला सामने आया है। यह प्रमाण पत्र फर्जी है। नगर निगम अधिकारी भी इसे फर्जी बता रहे हैं। हालांकि, अधिकारी ये नहीं कह रहे कि प्रमाण पत्र सरकारी पोर्टल से जारी हुआ है। उनका कहना है कि सरकारी पोर्टल जैसा ही एक फर्जी पोर्टल बनाया गया है, जिससे प्रमाण पत्र किए जा रहे हैं। प्रकरण की जांच शुरू हो गई है।

# मेगा कैंप लगाकर पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





श्रावस्ती- पीएम स्वा निधि योजना के अंतर्गत जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा इंडियन बैंक में दो दिवसीय मेगा कैंप का आयोजन किया गया। सोमवार से शुरू हुआ कैंप मंगलवार को भी जारी रहेगा। इस दौरान शहरी पथ विक्रेताओं को 10-20 हजार तक का लोन दिया गया। जिससे वें स्वरोजगार को कर सकेंगे। नगरीय विकास अभिकरण कि सामुदायिक आयोजक तारा देवी ने बताया कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत भिनगा और इकौना नगर में पथ दुकानदारों को सरकार की ओर से आसान ऋण देकर उनको रोजगार को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि ऋण वितरण का यह कैंप दो दिन तक चलेगा। इस दौरान एलडीएम जीतेन्द्र श्रीवास्तव, जिला नगरीय विकास के मैनेजर आरिफ जफर, नगर पालिका परिषद भिनगा के अधिशासी अधिकारी यदुनाथ, नगर पालिका कर्मी रामदीन गौतम सहित नगर के कई शहरी पथ विक्रेता मौजूद थे।

# टिकट बेचने के आरोप से आहत पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा- कांग्रेस मुझे निकाल दे, होली पर कर दो दहन



उत्तराखंड में हार के बाद कांग्रेस में हाहाकार मचा हुआ है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रणजीत रावत की ओर से टिकट बेचने के आरोप लगाए जाने से आहत पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया के जरिए अपना दर्द जाहिर किया है। हरीश रावत ने कहा कि वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि कांग्रेस उन्हें निकाल दे। उन्होंने यह भी कहा कि होलिका दहन में हरीश रावत रूपी बुराई का भी कांग्रेस को दहन कर देना चाहिए? कार्यकारी अध्यक्ष रणजीत रावत द्वारा टिकट बेचने के आरोप पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने बड़ा बयान दिया है। रावत ने कहा कि भगवान करे कांग्रेस मुझे निष्कासित कर दे। बकौल रावत, होली बुराईयों के शमन का एक उचित उत्सव है। होलिका दहन और हरीश रावत रूपी बुराई का भी इस होलिका में कांग्रेस को दहन कर देना चाहिए?। रावत ने कहा कि पद और पार्टी टिकट बेचने का आरोप अत्यधिक गंभीर हैं। और यदि वह आरोप एक ऐसे व्यक्ति पर लगाया जा रहा हो, जो मुख्यमंत्री रहा है। जो पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष रहा है। जो पार्टी का महासचिव रहा है और कांग्रेस कार्यसमिति का सदस्य है। आरोप लगाने वाला व्यक्ति भी गंभीर पद पर विद्यमान व्यक्ति हो। उस व्यक्ति द्वारा लगाये गये आरोप को एक अत्यधिक महत्वपूर्ण पद पर विद्यमान व्यक्ति द्वारा और उसके समर्थकों द्वारा प्रचारित-प्रसारित करवाया जा रहा हो तो यह आरोप और भी गंभीर हो जाता है। यह आरोप मुझ पर लगाया गया है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि कांग्रेस पार्टी मेरे पर लगे इस आरोप के आलोक में मुझे पार्टी से निष्कासित करे। मालूम हो कि बीते रोज कार्यकारी अध्यक्ष रणजीत रावत ने हरीश पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि रावत ने चुनाव में बड़े पैमाने पर टिकट बेचे। रावत को अब आराम करना चाहिए।

# Someone's hand is involved in the Hijab controversy, the High Court said - how did this confusion arise suddenly



The Karnataka High Court has given the much-awaited verdict on the Hijab controversy. While upholding the autonomy of educational institutions, the court said that students should follow the rules of uniform. Along with this, the court also dismissed the petitions filed against the order of ban on hijab. This means that now girl students will not be able to wear hijab in those institutions where uniform is fixed and such a ban is applicable. While delivering the verdict, the court also expressed surprise at the sudden emergence of this issue. The court said that why this confusion has arisen suddenly. The court said in its order. 'The way the confusion has arisen about the hijab, it seems that someone has a hand in this whole controversy. This seems to have been done to create social unrest and destroy harmony. "We are concerned as to why this issue suddenly arose in the middle of the academic session," the court said. While delivering the verdict, the court clearly said that hijab is not a mandatory condition for professing Islam. Along with this, the court said that it is the right of the institutions to decide the uniform and the students cannot object to it. Meanwhile, the Chief Minister of the state Basavaraj Bommai has welcomed the decision and appealed to everyone to accept it. CM said that everyone should accept this decision. All the people of the state government should cooperate in this. BJP MP Tejashwi Surya said that I welcome the decision of the Karnataka High Court. This will give opportunities and rights to the girl students to study. Meanwhile, the girl's lawyer says that this decision will be challenged in the Supreme Court on her behalf. He said that we have not lost faith in the country's courts and the Constitution. Will challenge it in the Supreme Court.

# स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर ब्लैकमेलिंग का खेल, 69 वर्षीय बुजुर्ग से मांगे बीस लाख फिर......




देहरादून के राजपुर रोड के एक स्पा सेंटर में उसी बिल्डिंग के मालिक की अश्लील वीडियो बनाकर 20 लाख रुपये मांगने का मामला सामने आया है। 69 वर्षीय बुजुर्ग की शिकायत पर डालनवाला पुलिस ने स्पा सेंटर से जुड़ी महिला और उसकी सहयोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर एनके भट्ट के अनुसार, जय प्रकाश निवासी प्रीतम रोड ने मुकदमा लिखवाया। इसके अनुसार, राजपुर रोड स्थित राधा पैलेस का प्रथम तल उन्होंने निखिल सोनकर निवासी श्रीरामपुर कांवली रोड को किराये पर दिया था। यहां प्रबंधक शिल्पीदार सरकार उर्फ रिया निवासी मन्नूगंज ने स्पा सेंटर शुरू कर दिया। जयप्रकाश ने 27 फरवरी को किराये के लिए निखिल को फोन किया तो पता चला कि उसने रिया को किराया दे दिया है। जयप्रकाश शाम को स्पा सेंटर पहुंचे और रिया से किराया मांगा। रिया ने कहा कि आधे घंटे में किराये के पैसे लेकर लड़का पहुंच रहा है। इस दौरान पीड़ित ने सर्वाइकल दर्द के बारे में बताया। रिया ने काउंटर पर बैठी युवती की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह डीप मसाज से परेशानी कम कर सकती है। पीड़ित इसके लिए तैयार हो गए। आरोप है कि युवती उन्हें एक केबिन में लेकर गई और मसाज शुरू की। आरोप है कि उन्हें तेल सुंघाया गया। इसके बाद युवती ने पीड़ित को सीधे लिटाया और अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। पीड़ित कुछ देर बाद बाहर आए तो रिया ने किराया नहीं दिया। बाद में संपर्क किया तो उन्हें ब्लैकमेल करने लगी। आरोप है कि रिया ने मसाज की वीडियो दिखाई और किराया देने की बजाय 20 लाख रुपये मांगे। ऐसा नहीं करने पर वीडियो उनके परिवार को देने की धमकी दी। इधर, इंस्पेक्टर डालनवाला नंद किशोर भट्ट ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी महिला और उसकी सहयोगी के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के सिर हार का ठीकरा, सपा गठबंधन के नेता ने साजिश का जताया शक



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की हार को लेकर अब गठबंधन के नेताओं के बीच एक दूसरे पर दोष मढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। सपा गठबंधन में शामिल महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने हार के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य पर ठीकरा फोड़ दिया है। चुनाव से ठीक पहले योगी कैबिनेट छोड़कर सपा में आए स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर केशव देव ने कहा है कि उनका आना बीजेपी की साजिश का भी हिस्सा हो सकता है। स्वामी प्रसाद मौर्य खुद तो ओवरकॉन्फिडेंस में थे ही, सपा के दूसरे नेताओं को भी उन्होंने ओवरकॉन्फिडेंस में ला दिया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने कहा है कि उनकी पार्टी को उचित सम्मान नहीं दिया गया। उन्होंने अपनी पार्टी को महज 2 सीटें दिए जाने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। केशव देव मौर्य ने मंगलवार को एबीपी न्यूज चैनल से कहा कि सपा के प्रत्याशियों की ओर से महान दल के कैडर का कम इस्तेमाल किया गया। उस वोट पर सपा का फोकस कम था। केशव देव मौर्य ने स्वामी प्रसाद मौर्य को बीजेपी की साजिश बताते हुए कहा कि उनका सपा में आना भाजपा की रणनीतिक चाल हो सकती है। उन्होंने कहा, सपा के प्रत्याशी ओवरकॉन्फिडेंस हो गए थे और इसलिए उन्होंने ज्यादा मेहनत नहीं की। सपा के सभी प्रत्याशियों में ओवरकॉन्फिडेंस था। इसके लिए स्वामी प्रसाद मौर्य को दोषी बताते हुए केशव देव ने कहा कि वह खुद भी ओवरकॉन्फिडेंस में थे और सभी को ओवरकॉन्फिडेंस में ला दिया। केशव देव ने कहा कि जब तक स्वामी नहीं आए थे महान दल को तवज्जो दी जा रही ती, जब स्वामी प्रसाद मौर्य आए तो सपा नेता ओवर कॉन्फिडेंस हो गए और महान दल को दरकिनार कर दिया गया। गौरतलब है कि स्वामी प्रसाद मौर्य चुनाव से ठीक पहले योगी कैबिनेट से इस्तीफा देकर सपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने सपा की जीत को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे। खुद अखिलेश यादव ने भी स्वामी के पार्टी में शामिल होने को जीत की निशानी बताई थी। हालांकि, स्वामी प्रसाद मौर्य फाजिलनगर से अपनी सीट भी हार गए तो सपा गठबंधन 125 सीटों पर सिमट गया। सपा गठबंधन के तमाम दावों के विपरीत भाजपा गठबंधन ने 273 सीटों पर जीत हासिल की।

## कुरान में 7 बार हिजाब का जिक्र, लेकिन ड्रेस कोड के संदर्भ में नहीं: हाईकोर्ट के फैसले पर बोले आरिफ मोहम्मद खान




कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्य के स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब पर रोक लगाने वाले सरकारी आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि हिजाब पहनना इस्लाम में आवश्यक धार्मिक प्रथा% नहीं है और छात्र यूनिफॉर्म के रूप में उचित प्रतिबंध पर आपत्ति नहीं कर सकते। अदालत ने राज्य के 5 फरवरी के आदेश को बरकरार रखा और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करता है।

इस मामले पर तमाम नेताओं की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अब केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की है। केरल के गवर्नर ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि हिजाब को इस्लाम में आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं बताया गया है और इसीलिए फैसले देते समय कोर्ट का काम आसान हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, "इस्लाम स्वयं यह परिभाषित करता है कि धार्मिक प्रथा के लिए क्या आवश्यक है, इसलिए न्यायपालिका का काम आसान हो गया है। कुरान में हिजाब का 7 बार जिक्र किया गया है, लेकिन ड्रेस कोड के संदर्भ में नहीं।" खान ने पहले भी कर्नाटक में शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जारी किए गए हिजाब पर प्रतिबंध का समर्थन किया था। अदालत के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कहा, "हमें इसका स्वागत करना चाहिए और इन युवा लड़कियों को अपने, समाज और देश के लिए बेहतर करने में मदद करनी चाहिए।" हालांकि, उन्होंने कहा कि फैसले को लेकर कोई उत्साह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, "मैं उन्हें (हिजाब समर्थक मुस्लिम लड़कियों को) भारत के निर्माण और उनके परिवार की देखभाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं।"

## शत्रुघ्न सिन्हा TMC में शामिल, पार्टी बदलते ही ममता बनर्जी को बताया बंगाल की बाघिन



जाने-माने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा मंगलवार को कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हुए। उन्होंने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। सिन्हा ने ट्विटर पर कहा कि वह बंगाल की बाघिन ममता बनर्जी के निमंत्रण पर टीएमसी में शामिल हुए हैं। उन्होंने लिखा, "यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बंगाल की बाघिन... आजमाई हुई, परखी हुई और सफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निमंत्रण पर मैं टीएमसी में शामिल हो गया हूं। सही मायने में एक महान महिला, जनता की महान नेता के गतिशील नेतृत्व में मैं चुनाव लड़ूंगा। अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा को टीएमसी ने आसनसोल लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है जिसके लिए उन्होंने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी के प्रति आभार प्रकट किया। इसके साथ ही सिन्हा ने विरोधियों की ओर से लगाए गए %बाहरी% होने के आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य बनर्जी के हाथों में है। मैं देशभर में खेला होबे का विस्तार कर उनके हाथ मजबूत करूंगा।

### विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ खड़ी हैं ममता

सिन्हा ने कहा, लोकसभा उपचुनाव में आसनसोल से ममता बनर्जी ने मुझे खुद तृणमूल उम्मीदवार घोषित किया है, यह मेरे लिए गर्व की बात है। वह जांची परखी और सफल नेत्री हैं जिनके हाथ में देश का भविष्य है। आज की सरकार विभाजनकारी राजनीति करती है जिसके विरुद्ध बनर्जी खड़ी हो सकती हैं।

### लोक कल्याण की लड़ाई में बनर्जी का साथ दे रहा

चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वह रवि शंकर प्रसाद से हार गए थे। आसनसोल सीट पर होने वाले उपचुनाव में बनर्जी ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है।

## आगरा के मेडिकल कॉलेज में आग, बेसमेंट में धुंआ देखकर मरीजों में अफरा-तफरी




यूपी के आगरा में मंगलवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हड़कंप मच गया। अस्पताल के बेसमेंट में धुंआ देखकर मरीज और तीमारदारों में भगदड़ मच गई। सभी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि आग की घटना से कोई भी हताहत नहीं हुआ है। सभी को सुरक्षित अस्पताल से निकालकर दूसरे अस्पताल में एंबुलेस के जरिए शिफ्ट कर दिया गया है। उधर आग की खबर पाकर दमकल की गाड़ी और डीएम समेत कई बड़े आला अफसर मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर आगरा के मेडिकल कॉलेज के बेसमेंट में भरे कूड़े में आग लग गई थी, जिसका धुंआ बिल्डिंग में फैल गया था। धुंआ आठ मंजिला इमारत के पांचवे और छठे फ्लोर पर पहुंच गया था। छठे फ्लोर पर करीब 30 से 35 मरीज थे। अस्पताल के एक फ्लोर पर धुंआ देखकर भर्ती मरीज और उनके तीमारदारों में भगदड़ सी मच गई। सभी तीमारदार अपने-अपने मरीजों को बचाने के लिए उन्हें अस्पताल के वार्ड से निकालने के लिए इधर-उधर दौड़ भाग करने लगे। इधर अस्पताल स्टाफ भी उन्हें निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले गए। इसके बाद एंबुलेंस के जरिए मरीजों को कोविड अस्पताल में शिफ्ट करवाया गया है। जानकारी के अनुसार करीब 210 मरीजों को मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस के जरिए शिफ्ट किया गया है। इधर किसी ने मेडिकल कॉलेज में आग की खबर दमकल को दे दी। दमकल की गाड़ियों भी आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गई। आग की सूचना पर डीएम समेत कई आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

## जलती चिताओं के बीच भस्म से खेली होली, काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका पर उमड़े लोग



अनोखे आयोजनों और परंपराओं के लिए विख्यात काशी में मंगलवार को महाश्मशान मणिकार्णिका घाट पर चिता भस्म से होली खेली गई। अनोखी होली खेलने के लिए मणिकर्णिका घाट पर शिव भक्तों का हुजूम इस कदर उमड़ा हुआ था कि पैर रखने की जगह भी नहीं बची थी। एक तरफ शव की कतार के बीच करुण कंद्रन तो दूसरी तरफ हर-हर महादेव का उद्घोष सुनाई दे रहा था। रंगभरी एकादशी के ठीक अगले दिन मणिकर्णिका घाट पर होने वाली चिता भस्म की होली के साक्षी बनने के लिए देश भर से शिव भक्त काशी आए पहुंचे हैं। पौराणिक मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के ससुराल पक्ष के अनुरोध पर रंगभरी एकादशी के दिन उनके गौने में पिशाच, भूत-प्रेत, चुड़ैल, डाकिनी-शाकिनी, औघड़, अघोरी, संन्यासी, शैव-साक्त सहित अन्य गण शामिल नहीं हो पाते हैं। बाबा विश्वनाथ तो सभी के हैं और सभी पर एकसमान कृपा बरसाते हैं। इसलिए गौने में शामिल न हो पाने वाले अपने गणों को निराश नहीं करते हैं। उन्हें गौने के अगले दिन महाश्मशान मणिकर्णिका पर बुलाकर उनके साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं। उधर, मणिकर्णिका घाट स्थित बाबा महामशानेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापक गुलशन कपूर ने बताया कि आज दोपहर मध्याह्न आरती हुई। इसी के साथ महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली शुरू हो गई। महादेव ने डमरू, ढोल और झांझ की नाद के बीच अपने गणों और भक्तों के साथ धधकती चिताओं के बीच चिता भस्म की होली खेली।

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

ताजा अपडेट के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

## चित्रकूट में बड़ा हादसा टला, 35 लोगों के साथ नाव पलटी, सतर्कता से सभी को बचाया



चित्रकूट में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा टल गया। तीन दर्जन श्रद्धालुओं को ले जा रही नाव पलट गयी। सतर्कता और सौभाग्य से सभी को बचा लिया गया है। हादसा भरत घाट पर हुआ। सभी श्रद्धालु महाराष्ट्र के बताए गए हैं। दर्शन पूजन के लिए सभी मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित चित्रकूट आए थे।

पुलिस के अनुसार नयागांव थाना क्षेत्र के भरत घाट में 35 श्रद्धालुओं को लेकर घाट की तरफ जा रही एक नाव घाट के निकट सवारियों को उतारने के दौरान असंतुलित होकर पलट गई। इससे नाव पर सवार सभी यात्री नदी में गिर पड़े। नाव पलटते ही चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद तैराकों और अन्य लोगों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।